(xxi) राजस्थान : उद्योग

2022. वर्ष 2021-22 में राजस्थान में उद्योग क्षेत्र का स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन में क्षेत्रकीय योगदान क्या है?

(a) 28.15% (b) 24.80%
(c) 26.34% (d) 32.20%

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : वर्ष 2021-22 में राजस्थान में सकल राज्य मूल्य वर्धन में क्षेत्रकीय योगदान में कृषि क्षेत्र - 28.85 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र - 26.34 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र 44.81 प्रतिशत है।

2023. राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 'खादी प्लाजा' का निर्माण कहाँ किया जाएगा?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) बीकानेर (d) उदयपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी प्लाज्मा का निर्माण जयपुर में किया जा रहा है। इसका लाभ स्थानीय बुनकरों और कारीगरों को प्राप्त होगा। यह लोगों को खादी उत्पाद के करीब लाने और उन्हें स्थानीय रूप से बने कपड़े, हस्तकला की वस्तुओं और अन्य उत्पादों की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

2024. एच.पी.सी.एल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच.पी.सी.एल.) एवं राजस्थान सरकार के मध्य कितनी इक्विटी भागीदारी का संयुक्त उद्यम है?

(a) क्रमशः 72% एवं 28%
(b) क्रमशः 68% एवं 32%
(c) क्रमशः 56% एवं 44%
(d) क्रमशः 74% एवं 26%

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (d) : एच.पी.सी.एल., राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड को 18 सितम्बर, 2013 को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान सरकार का संयुक्त उद्यम है जिसमें उनकी हिस्सेदारी 74% एवं 26% है। इस परियोजना में राजस्थान के बाड़मेर जिले के पचपदरा में एक ग्रीनफील्ड रिफायनरी सह पेट्रो रसायन परिसर की स्थापना शामिल है।

2025. किस वर्ष में, राजस्थान की पहली हस्तशिल्प नीति जारी की गई?

(a) 2019 (b) 2018
(c) 2022 (d) 2021

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : सितंबर, 2022 को राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने प्रदेश की पहली हस्तशिल्प नीति जारी की। शकुंतला रावत के अनुसार राजस्थान हस्तशिल्प नीति, 2022 का उद्देश्य हस्तशिल्पियों के उत्थान के लिये बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था, परंपरागत कलाओं एवं विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जीवित करना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

2026. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-

	सूची-I (उद्योग)		List-II (Place)
A.	राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स	1.	डीडवाना
B.	हाईटेक ग्लॉस फैक्टरी	2.	धौलपुर
C.	मेवाड़ शुगर मिल	3.	भूपालसागर
D.	जे.के. सीमेण्ट वर्क्स	4.	निम्बाहेड़ा

कूट :

	A	B	C	D
(a)	2	1	3	4
(b)	4	3	2	4
(c)	1	2	3	4
(d)	4	2	1	3

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : उपर्युक्त विकल्पों का सही सुमेलन इस प्रकार है–

उद्योग		स्थान
राजस्थान स्टेट केमिकल्स वर्क्स	-	डीडवाना
हाईटेक ग्लास फैक्टरी	-	धौलपुर
मेवाड़ शुगर मिल	-	भूपालसागर
जे.के. सीमेण्ट वर्क्स	-	निम्बाहेड़ा

2027. राजस्थान में सीमेंट का प्रथम कारखाना कहाँ स्थापित हुआ था?

(a) लाखेरी (b) डबोक
(c) ब्यावर (d) गोटन

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : राजस्थान में सीमेंट का प्रथम कारखाना 1913 ई. में लखेरी (बूंदी) में स्थापित किया गया था। इसका स्वामित्व एसीसी सीमेंट कंपनी के पास है। राजस्थान में लाइमस्टोन खनिज की पर्याप्त उपलब्धता के कारण सीमेंट उद्योग विकसित अवस्था में है। स्वतंत्रता के बाद 1953 में सवाई माधोपुर में सीमेंट कारखाना स्थापित किया गया था।

2028. भारत की प्रथम जैजून रिफायनरी, राजस्थान में स्थापित की गई थी -

(a) पचपद्रा में (b) लूणकरणसर में
(c) अमरसागर में (d) सूरतगढ़ में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : राजस्थान जैतून रिफायनरी स्थापित करने वाला प्रथम राज्य है। यह जैतून रिफायनरी वर्ष 2014 में राजस्थान के लूणकरणसर में 3.75 करोड़ की लागत से स्थापित की गई थी।

2029. राजस्थान की एम सेंड नीति 2021 का उद्देश्य है

(a) राज्य में निर्माण कार्यों में नदियों से प्राप्त बजरी के उपयोग को बढ़ाना।
(b) नदी बजरी के निर्यात को बढ़ावा देना।
(c) प्रदेश के माइनिंग क्षेत्रों में खानों से निकलने वाले अपशिष्ट(वेस्ट) की समस्या का समाधान कराना।
(d) अन्य राज्यों की नदी बजरी के प्रयोग को रोकना।

RPSC SI 03-09-2021